भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

29 अप्रैल 2019

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के अहमदगंज (चित्रकूट), लीलापुर बाग (प्रतापगढ़), मछलीशहर (जौनपुर) और प्रयागराज में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

देश में उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम, जहां कहीं भी मैं जाता हूं, सब जगह मोदी-मोदी की आवाज ही सुनाई देती है और यह देश की सवा सौ करोड़ जनता के दिलों से निकली आवाज है। देश की सवा सौ करोड़ जनता फिर से 2019 में एक बार फिर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चुकी है

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के गाँव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, युवा एवं महिलाओं के लिए पांच साल में जितना काम किया, कांग्रेस की पांच पीढ़ियों ने 55 सालों में और सपा-बसपा ने उत्तर प्रदेश में अपनी 25 सालों की सरकार में उतना काम नहीं किया

****

इस बार के लोक सभा चुनाव का मुद्दा देश का विकास, देश की सुरक्षा, गरीबों का कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और उत्तर प्रदेश को देश का सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का है और यह केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ही कर सकती है

****

कांग्रेस के तीन ‘G’ हैं - सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी। भाजपा के पास भी तीन ‘G’ है - पहला गाय, जिसे हमने कत्लखाने जाने से बचाया, दूसरा गाँव, जहाँ हमने घर-घर विकास पहुंचाने की मुहिम शुरू की है और तीसरा, माँ गंगा जिसे हमने निर्मल करने का बीड़ा उठाया है

****

अकबर के जमाने से पूरे भारतवर्ष की इच्छा थी कि हमारा यह शहर अपने मूल नाम ‘प्रयागराज’ से जाना जाए। आज हम गर्व से कह रहे हैं कि इलाहाबाद नहीं है, प्रयागराज है। बन गया इलाहाबाद - ‘प्रयागराज’

****

सपा-बसपा के जो गुंडे गरीबों की भूमि हड़प कर जाते थे, उस पर एंटी भू-माफिया स्क्वायड के माध्यम से नकेल कस कर पूरे प्रदेश में गरीबों को निर्भय करने का काम भाजपा की योगी सरकार ने किया है

****

सपा-बसपा गठबंधन वाले अब भी यह नहीं समझ पा रहे कि उत्तर प्रदेश बदल चुका है। गठबंधन वाले बाहुबली को टिकट देकर यह समझ रहे हैं कि राज्य की जनता इनसे डर जायेंगे, इन्हें मालूम ही नहीं कि यूपी में भाजपा की योगी सरकार है जो बाहुबलियों को सीधा करने का काम करती है

****

उत्तर प्रदेश में पहले एक सरकार आती थी तो एक जाति विशेष का काम करती थी, दूसरी सरकार आती थी तो दूसरी जाति विशेष का काम करती थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद "सबका साथ, सबका विकास" की नीति के तहत सभी जातियों को विकास की धारा से जोड़ने का काम किया गया

****

केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनने पर सभी छोटे-बड़े सभी किसानों को 6,000 रुपये सालाना किसान सम्मान निधि के तहत दिए जायेंगे। सभी किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को 60 वर्ष की उम्र के बाद मासिक पेंशन की सुविधा दी जायेगी और किसानों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जायेगा

****

हमने तय किया है कि जब 2022 में देश की आजादी के 75 वें साल पूरे होंगे, देश के अन्दर एक भी व्यक्ति, एक भी परिवार ऐसा नहीं होगा जिसके पास घर, बिजली, गैस, पीने का शुद्ध पानी, शौचालय न हो और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी

****

मोदी सरकार "सबका साथ, सबका विकास" की नीति पर काम करती है जबकि सपा-बसपा और कांग्रेस केवल और केवल अपने-अपने परिवार के विकास की नीति पर काम करती है

****

वोट बैंक की राजनीति के लिए राहुल गाँधी एंड कंपनी कहती है कि देशद्रोह का कानून ख़त्म हो। आखिर किसके लिए? क्या कांग्रेस एंड कंपनी जेएनयू में 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' का नारा लगाने वालों को बचाना चाहती है?

****

राहुल गाँधी, अखिलेश यादव और मायावती से पूछना चाहता हूँ कि यदि देशद्रोह का कानून हटाते हैं और पाकिस्तान का कोई जासूस देश की जासूसी करे या फिर 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' का नारा लगाए तो इन्हें किस कानून के तहत जेल में डालेंगे?

****

सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक से भारत दुनिया भर में एक निर्णायक राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। राहुल गाँधी और कांग्रेस की आतंकवाद पर जो भी नीति रहे लेकिन मोदी सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति है। देश की सुरक्षा से हम किसी भी कीमत पर कोई समझौता नहीं कर सकते

****

जब तक भारतीय जनता पार्टी के एक भी कार्यकर्ता के शरीर में प्राण है, जम्मू-कश्मीर को भारत से कोई अलग नहीं कर सकता। केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनने पर हम जम्मू-कश्मीर में हमेशा के लिए शांति स्थापित करने हेतु धारा 370 और 35A ख़त्म कर के रहेंगे

****

हमने देश की सुरक्षा के लिए असम में एनआरसी को लागू किया लेकिन राहुल गाँधी, ममता बनर्जी, मायावती और अखिलेश सहित तमाम महामिलावटी विपक्ष वाले लोग अवैध घुसपैठियों के समर्थन में खड़े हो गए। केंद्र में मोदी सरकार आने पर हम एनआरसी को देश भर में लागू करेंगे

****

यह मोदी सरकार है जिसने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने की वर्षों से लंबित मांग को पूरा करने का काम किया है। इतना ही नहीं, हमने वर्तमान आरक्षण व्यवस्था में बिना किसी छेड़छाड़ के सामान्य वर्ग के गरीब लोगों को शिक्षा एवं नौकरी में 10% आरक्षण देने का प्रावधान किया है

****

सफल कुंभ के आयोजन से पूरे विश्व में भारत की प्रतिष्ठा हुई। यूनेस्को ने कुंभ को सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया। मैं इसके लिए योगी आदित्यनाथ जी को हृदय से साधुवाद देना चाहता हूँ। माँ गंगा को निर्मल देख आत्मा तृप्त हो गई

****

प्रयागराज में दो चीजें अच्छी हुई हैं - एक तो कुंभ का सफल आयोजन और दूसरा 2400 करोड़ रुपये की लागत से प्रयागराज का कायाकल्प। युगों-युगों से प्रयागराज का साक्षी रहा अक्षयवट इस बात का गवाह है कि प्रयागराज में विकास के लिए इतना बड़ा पुरुषार्थ कभी नहीं हुआ

****

31 देशों के राजदूतों और 14 देशों के चुने हुए प्रतिनिधियों ने यह देखा है कि प्रयागराज में किस तरह केवल डेढ़ वर्ष में ही लगभग 671 जन-कल्याणकारी परियोजनाएं पूरी की गई

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश के अहमदगंज (चित्रकूट), लीलापुर बाग (प्रतापगढ़), मछलीशहर (जौनपुर) और प्रयागराज में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और प्रदेश की जनता से जातिवाद राजनीति की जगह नरेन्द्र मोदी के मंत्र, सबका साथ सबका विकास को आगे बढाने और देश के विकास, देश की सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनाने की अपील की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि **देश में उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम, जहां कहीं भी मैं जाता हूं, सब जगह मोदी-मोदी की आवाज ही सुनाई देती है और यह देश की सवा सौ करोड़ जनता के दिलों से निकली आवाज है। देश की सवा सौ करोड़ जनता फिर से 2019 में एक बार फिर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चुकी है।** उन्होंने कहा कि देश की जनता ने यह संकल्प यूँ ही नहीं किया है बल्कि नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व सालों साल प्रतीक्षा के बाद इस देश को प्राप्त हुआ है। पिछले 20 सालों से, गुजरात के मुख्यमंत्री रहते और 5 साल प्रधानमंत्री रहते, 24 घंटों में 18 घंटे काम करने वाले नरेन्द्र मोदी ने एक भी दिन छुट्टी नहीं की। दूसरी ओर, महामिलावटी गठबंधन के नेता राहुल गाँधी हर 2-3 माह में छुट्टी पर चले जाते हैं, इनकी पूरी पार्टी, सांसद-विधायक परेशान, माँ भी परेशान रहती हैं कि बिटुआ कहाँ चला गया। **देश को श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में एक प्रामाणिक, संवेदनशील और निर्णायक फैसले लेने वाला प्रधानमंत्री मिला है।**

श्री शाह ने सपा-बसपा गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा का **सपा-बसपा गठबंधन वाले अब भी यह नहीं समझ पा रहे कि उत्तर प्रदेश बदल चुका है। गठबंधन वाले बाहुबली को टिकट देकर यह समझ रहे हैं कि राज्य की जनता इनसे डर जायेंगे, इन्हें मालूम ही नहीं कि यूपी में भाजपा की योगी सरकार है जो बाहुबलियों को सीधा करने का काम करती है।** उन्होंने कहा कि **गठबंधन वाले बुआ-भतीजा आजकल अपने भाषणों में गरीबों के लिए ढेरों वादे करते दिखाई पड़ रहे हैं लेकिन 25 सालों तक उत्तर प्रदेश की जनता ने सपा-बसपा को मौका दिया पर गरीबों के लिए इन्होंने कुछ भी नहीं किया।** 2014 के चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता ने 80 में 73 सीटें भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में दिलाकर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया और प्रधान सेवक श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 5 साल के कार्यकाल के अंतर्गत गरीबों के लिए अनेकों काम किये। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में प्रधानमंत्री जी देश के 50 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए ढेर सारी योजनायें लेकर आये। मोदी सरकार आने के बाद पिछले 5 वर्षों में 7 करोड़ गरीबों के घर में मुफ्त में गैस कनेक्शन पहुंचाने, ढाई करोड़ गरीबों को घर देने, 8 करोड़ परिवारों के घर में शौचालय बनाकर महिलाओं को सम्मान दिलाने, 50 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रूपये तक खर्च देने, 2 करोड़ 35 लाख घरों में 70 साल बाद पहली बार बिजली पहुंचाने और आतंकवाद से देश को सुरक्षित करने का काम हुआ है। आयुष्मान योजना के तहत पिछले सिर्फ 4 माह में लगभग 23 लाख गरीबों के ऑपरेशन मुफ्त में हुए हैं। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के गाँव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, युवा एवं महिलाओं के लिए पांच साल में जितना काम किया, कांग्रेस की पांच पीढ़ियों ने 55 सालों में उतना नहीं किया।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **हमने तय किया है कि जब 2022 में देश की आजादी के 75 वें साल पूरे होंगे, देश के अन्दर एक भी व्यक्ति, एक भी परिवार ऐसा नहीं होगा जिसके पास घर, बिजली, गैस, पीने का शुद्ध पानी, शौचालय न हो और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।** उन्होंने कहा कि **केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनने पर सभी छोटे-बड़े सभी किसानों को 6,000 रुपये सालाना किसान सम्मान निधि के तहत दिए जायेंगे। सभी किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को 60 वर्ष की उम्र के बाद मासिक पेंशन की सुविधा दी जायेगी। इतना ही नहीं, हमने अपने संकल्प पत्र में यह वादा किया है कि केंद्र में पुंह मोदी सरकार का गठन होने पर किसानों को मिलने वाले लोन पर कोई ब्याज नहीं लिया जायेगा।** छोटे व्यापारियों को दस लाख रुपए तक का

इंश्योरेंस देने का काम भी भाजपा करेगी। 5 लाख से कम आय वालों को कर छूट और जिन व्यापरियों का टर्नओवर 40 लाख तक का है उनकी जीएसटी भी माफ की गयी है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न जन-कल्याणकारी कार्यों के अतिरिक्त नरेन्द्र मोदी ने जो सबसे महत्वपूर्ण काम किया है, वह है देश को सुरक्षित रखने के लिए किये गए कार्य। उन्होने देश के सुरक्षा के प्रति असंवेदनशील पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि 10 सालों तक देश में सपा-बसपा के समर्थन वाली यूपीए की सरकार थी, अपने वोट बैंक के लिए इन्होंने देश की सुरक्षा को भी ताक पर रख दिया था। देश में आतंकी आकर जवानों का सर काटकर ले जाते थे, लेकिन तब की सरकार कुछ नहीं करती थी। **मोदी सरकार बनने के बाद जब उरी हमला हुआ तो हमने सर्जिकल स्ट्राइक करके पाकिस्तान में आतंकियों को ठिकाने लगाने का काम किया। इसके बाद भी पाकिस्तान सुधरा नहीं और जब उसके प्रेरित आतंकवादियों ने पुलवामा हमला किया तो हमारे जवानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में घुसकर एयर स्ट्राइक करके आतंकियों को मौत की नींद सुलाने का काम किया। एयर स्ट्राइक के बाद देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा।** एयर **स्ट्राइक के बाद एक ओर देश में उत्साह का माहौल था तो दूसरी ओर पाकिस्तान सहित बुआ-भतीजा और राहुल गाँधी एंड कंपनी के कार्यालय में मातम छाया हुआ था। मैं राहुल गाँधी एंड कंपनी से पूछना चाहता हूँ कि पाकिस्तान के आतंकवादी मरे तो आपके चेहरे का नूर क्यों गायब हो गया?** क्या वो आतंकी इनके ममेरे-चचेरे भाई लगते हैं क्या? दरअसल, इन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा ने कहा कि कुछ लड़कों ने गलती की तो हिंदुस्तान ने पाकिस्तान पर बम क्यों गिराया, पाकिस्तान से बात करनी चाहिए लेकिन मैं उत्तर प्रद्देश की जनता से पूछना चाहता हूँ कि जो देश हमारे 40 जवानों को शहीद कर दे, उनसे बात करनी चाहिए या बम गिराना चाहिए? **राहुल गाँधी और कांग्रेस की आतंकवाद पर जो भी नीति रहे लेकिन मोदी सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति है। यदि पाकिस्तान से गोली आएगी तो यहाँ से गोला जाएगा, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। देश की सुरक्षा से हम किसी भी कीमत पर कोई समझौता नहीं कर सकते। हमारे लिए माँ भारती की सुरक्षा, चुनाव और वोट बैंक की राजनीति से कहीं ज्यादा है।**

श्री शाह ने कहा कि **वोट बैंक की राजनीति के लिए राहुल गाँधी एंड कंपनी कहती है कि देशद्रोह का कानून ख़त्म हो। आखिर किसके लिए? जेएनयू के अन्दर देशद्रोही तत्वों द्वारा भारत तेरे टुकड़े होंगे के नारे लगाए गए और राहुल गाँधी उन नारों के साथ खड़े होकर कहने लगे यह अभिव्यक्ति की आजादी है। क्या भारत माता के टुकड़े करना अभिव्यक्ति की आजादी है या देशद्रोह? राहुल गाँधी, अखिलेश यादव और मायावती से पूछना चाहता हूँ कि यदि देशद्रोह का कानून हटाते हैं और पाकिस्तान का कोई जासूस देश की जासूसी करे या फिर 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' का नारा लगाए तो इन्हें किस कानून के तहत जेल में डालेंगे? वोट बैंक की राजनीति के कारण राहुल गाँधी एंड कंपनी देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मैं राहुल गाँधी, बहन जी और अखिलेश को बताना चाहता हूँ कि जब तक भारतीय जनता पार्टी की श्री नरेन्द्र मोदी सरकार है, भारत माता के टुकड़े करने वालों की जगह जेल की सलाखों के पीछे ही होगी।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस पार्टी नेशनल कांफ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला मांग करते हैं कि जम्मू-कश्मीर में भी अलग से प्रधानमंत्री होना चाहिए और जब सवाल पूछा जाता है तो

राहुल गाँधी, मायावती, अखिलेश यादव चुप रहते हैं। मैं इन्हें चेतावनी देते हुए स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि **जब तक भारतीय जनता पार्टी के एक भी कार्यकर्ता के शरीर में प्राण है, जम्मू-कश्मीर को भारत से कोई अलग नहीं कर सकता, जम्मू-कश्मीर भारत माता का मुकुट मणि है।** उन्होंने कहा कि **केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनने पर हम जम्मू-कश्मीर में हमेशा के लिए शांति स्थापित करने हेतु धारा 370 और 35A ख़त्म कर के रहेंगे। हमने देश की सुरक्षा के लिए असम में एनआरसी को लागू किया लेकिन राहुल गाँधी, ममता बनर्जी, मायावती और अखिलेश सहित तमाम महामिलावटी विपक्ष वाले लोग अवैध घुसपैठियों के समर्थन में खड़े हो गए। इन्हें अपने देश के नागरिकों की चिंता नहीं है लेकिन घुसपैठियों के मानवाधिकार की चिंता जरूर है। यह देश की सुरक्षा के साथ सरासर खिलवाड़ है। केंद्र में मोदी सरकार आने पर हम एनआरसी को देश भर में लागू करेंगे।**

श्री शाह ने कहा कि बुंदेलखंड के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कई काम किये। एक डिफेंस कॉरिडोर जिसमें 10,000 करोड़ निवेश आने वाला है, बुंदेलखंड में बनाना तय किया गया है, बांदा-चित्रकूट को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के माध्यम से झाँसी-इटावा से जोड़ने का काम करने वाले हैं। बुंदेलखंड में सिंचाई व्यवस्था सुव्यवस्थित करने के लिए 3,000 तालाबों का निर्माण होने वाला है। केन-बेतवा को जोड़ने की योजना नरेन्द्र मोदी सरकार पूरी करने वाली है। बुंदेलखंड में पाइप लाइन से पानी पहुंचे इसके लिए 3,000 करोड़ रूपये का परिव्यय किया गया है। एक जनपद एक उत्पाद के तहत पत्थर के सामान बनाने का कार्यक्रम आगे बढाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। सौभाग्य योजना के तहत बुंदेलखंड के हर गाँव-हर घर में बिजली पहुंचाने का काम पूरा हो चुका है। चित्रकूट जनपद में करीब 2 लाख किसानों का ऋण माफ़ करने का काम योगी आदित्यनाथ ने किया है। प्रधानमंत्री ग्राम आवास योजना के तहत 40,000 गरीबों को एक ही जनपद के अंतर्गत घर देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। 2 लाख से अधिक लोगों को बीमा दिया गया है और जन धन योजना के तहत 3 लाख बैंक खाते खोले गए हैं। उज्ज्वला योजना के तहत 4 लाख गरीब माताओं को एक ही जनपद के अंतर्गत गैस कनेक्शन देने का काम किया गया है और लगभग 5 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6,000 रूपये दिए गए हैं और अगली बार विजय के बाद बुंदेलखंड आने पर यहाँ के सभी किसानों के मोबाइल पर 6,000 रूपये का शगुन भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 13वें वित्त आयोग में बुआ-भतीजे के समर्थन वाली कांग्रेस की यूपीए सरकार ने उत्तर प्रदेश को महज 3,30,000 करोड़ रुपये दिए थे जबकि 14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने यूपी को विकास के लिए लगभग 10,27,323 करोड़ रुपये दिए हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले 5 सालों में युवाओं, गरीबों, आदिवासियों, महिलाओं, किसानों, गाँवों और शहरों के लिए 133 योजनायें लेकर आई है।

प्रतापगढ़ में विकास की कहानी को शब्द देते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रतापगढ़ में गरीबों के लिए लगभग 35 हजार घर बनवाये गए, बरसों से अटके हुए ओवर ब्रिज के काम को शुरू भी किया गया और इसे पूरा भी किया गया। लगभग 45,000 किसानों के ऋण माफ़ किये गए, किसानों से धान-गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद की गयी और लगभग 73 हजार किसानों को फसल बीमा योजना से फायदा पहुंचा। लगभग डेढ़ लाख किसानों के एकाउंट में सीधे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सहायता राशि पहुंचाई गई। लगभग 70 हजार लोगों को बीमा की सुविधा उपलब्ध कराई गई और 60

हजार से अधिक लोगों के जन-धन खाते खोले गए। एक जनपद, एक उत्पाद के तहत प्रतापगढ़ में आंवला के उत्पादन और उससे जुड़े प्रोडक्ट की मार्केटिंग की व्यवस्था की गई और डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किया गया।

जौनपुर के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि हमने 24 घंटे विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित की है। अमृत मिशन योजना से घर-घर पाइप से पानी पहुंचाया गया है। एक जनपद, एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत जौनपुर में दरी उद्योग को बढ़ावा दिया गया है। दुधारू पशुओं के बांझपन की समस्या को दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर पहल हुई है। जिले में लगभग 64,000 से अधिक किसानों के कृषि ऋण माफ हुए हैं, गरीबों के लिए लगभग 20,000 से अधिक घरों का निर्माण कराया गया है, लगभग 90,000 लोगों के जन-धन एकाउंट खोले गए हैं, लगभग 85,000 किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिला है और डेढ़ लाख किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हुए हैं। लगभग 1.25 लाख गरीब माताओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है और उन्हें सम्मान के साथ जीने का अधिकार देते हुए जिले में हजारों इज्जत घर (शौचालयों) का निर्माण कराया गया है।

प्रयागराज में सफल कुंभ के आयोजन की चर्चा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **1980 से मुझे हर कुंभ में आने का सौभाग्य मिला है लेकिन इस बार योगी आदित्यनाथ जी ने कुंभ में जो व्यवस्था की थी, उसे देख ह्रदय गद्गद हो गया। पूरी दुनिया के मैनेजमेंट के लोग ऐसी अद्भुत व्यवस्था को देख कर आश्चर्यचकित थे कि 42 दिनों में इतनी कम जगह में 24 करोड़ लोग कैसे आये। मैं इसके लिए योगी आदित्यनाथ जी को ह्रदय से साधुवाद देना चाहता हूँ।** शाही स्नान के दिन तो लाखों-करोड़ों की भीड़ थी लेकिन कोई अव्यवस्था नहीं हुई। **कांग्रेस के समय में तो कुंभ में श्रद्धालुओं की दुखद मौत की ख़बरें आती रहती थीं लेकिन मोदी जी और योगी जी की सरकार में माँ गंगा और सर्वशक्तिमान प्रभु की कृपा से इस बार ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। सफल कुंभ के आयोजन से पूरे विश्व में भारत की प्रतिष्ठा हुई। यूनेस्को ने कुंभ को सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया। 2014 में जब श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वाराणसी से नामांकन दाखिल किया था तो उन्होंने कहा था कि मुझे माँ गंगा ने बुलाया है। सबको लगता था कि माँ गंगा नदी की सफाई बहुत मुश्किल है लेकिन जब मैं इस बार स्नान करने आया तो आचमन करने में कोई झिझक नहीं हुई, अमृत जैसा जल देखकर, उसका आचमन कर और स्नान कर आत्मा तृप्त हो गई।**

श्री शाह ने कहा कि **प्रयागराज में दो चीजें अच्छी हुई हैं - एक तो कुंभ का सफल आयोजन और दूसरा 2400 करोड़ रुपये की लागत से प्रयागराज का कायाकल्प। युगों-युगों से प्रयागराज का साक्षी रहा अक्षयवट इस बात का गवाह है कि प्रयागराज में विकास के लिए इतना बड़ा पुरुषार्थ कभी नहीं हुआ।** भाजपा सरकार कुछ ही समय में अक्षयवट को श्रद्धालुओं के लिए चौबीसों घंटे खोले रखने का निर्णय लेने जा रही है। उन्होंने कहा कि **31 देशों के राजदूतों और 14 देशों के चुने हुए प्रतिनिधियों ने यह देखा है कि प्रयागराज में किस तरह केवल डेढ़ वर्ष में ही लगभग 671 जन-कल्याणकारी परियोजनाएं पूरी की गई।** उन्होंने कहा कि **अकबर के जमाने से पूरे भारतवर्ष की इच्छा थी कि हमारा यह शहर अपने मूल नाम 'प्रयागराज' से जाना जाए। आज हम गर्व से कह रहे हैं कि इलाहाबाद नहीं है, प्रयागराज है। बन गया इलाहाबाद - 'प्रयागराज'।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रयागराज को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने प्रयागराज में स्मार्ट सिटी देने का काम किया है। प्रयागराज के लगभग 53,000 किसानों के कृषि ऋण माफ किये गए, आवास योजना के तहत 37 लाख आवास बनाए गये, सुरक्षा बीमा योजना के तहत 123000 लोग लाभान्वित हुए, जन-धन योजना के तहत सवा लाख लोगों के एकाउंट खोले गए, लगभग सवा लाख किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ मिला, उज्ज्वला योजना के तहत 230000 गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया और ढाई लाख से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है जिसमे से 75,000 से अधिक किसानों के बैंक अकाउंट में सहायता राशि हस्तांतरित कर दी गई है।

सपा-बसपा और कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **मोदी सरकार "सबका साथ, सबका विकास" की नीति पर काम करती है जबकि सपा-बसपा और कांग्रेस केवल और केवल अपने-अपने परिवार के विकास की नीति पर काम करती है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस के तीन 'G' हैं - सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी। भारतीय जनता पार्टी के पास भी तीन 'G' है - पहला गाय जिसे हमने कत्लखाने जाने से बचाने का काम किया, दूसरा गाँव जिसे हमने सभी सुविधाओं से परिपूर्ण बनाने की मुहिम शुरू की है और तीसरा है माँ गंगा जिसे हमने निर्मल करने का बीड़ा उठाया है जिसकी एक झलक कुंभ में दिख चुकी है।** उन्होंने कहा कि **ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने की मांग 1955 से की जा रही थी लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सरकारों ने लगातार इसकी अनदेखी की, यह मोदी सरकार है जिसने वर्षों से लंबित इस मांग को पूरा करने का काम किया है।** इतना ही नहीं, **हमने वर्तमान आरक्षण व्यवस्था में बिना किसी छेड़छाड़ के सामान्य वर्ग के गरीब लोगों को शिक्षा एवं नौकरी में 10% आरक्षण देने का प्रावधान किया है।** उन्होंने कहा कि **इस बार के लोक सभा चुनाव का मुद्दा देश का विकास, देश की सुरक्षा, गरीबों का कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और उत्तर प्रदेश को देश का सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का है और यह केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ही कर सकती है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुंदेलखंड समेत पूरे प्रदेश को अपराधियों से मुक्त कराने का काम किया है। अब उत्तर प्रदेश के अपराधी अपने गले में पट्टी लटकाकर पुलिस वालों से कहते फिरते हैं कि मुझे गिरफ्तार कर लो लेकिन मेरा एनकाउंटर मत करो। **सपा-बसपा के जो गुंडे गरीबों की भूमि हड़प कर जाते थे, उस पर एंटी भू-माफिया स्क्वायड के माध्यम से नकेल कस कर पूरे प्रदेश में गरीबों को निर्भय करने का काम भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार ने किया है।** उन्होंने कहा कि **उत्तर प्रदेश में पहले एक सरकार आती थी तो एक जाति विशेष का काम करती थी, दूसरी सरकार आती थी तो दूसरी जाति विशेष का काम करती थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद "सबका साथ, सबका विकास" की नीति के तहत सभी जातियों को विकास की धारा से जोड़ने का काम किया गया।** उन्होंने राज्य की जनता से हर बूथ पर कमल खिलाने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों को और मजबूत करने की अपील की।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव